प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 11.02.2026 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. **सांसद वीडी राम ने लोकसभा में झारखंड के ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण का उठाया मामला, पर्यटन मंत्रालय और पुरातत्व विभाग से जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण की रखी मांग।**
2. **झारखंड हाईकोर्ट ने धनबाद में बढ़ते वायु प्रदूषण और अवैध खनन पर रोक लगाने को लेकर अबतक की गयी कार्रवाई पर राज्य सरकार से मांगा जवाब।**
3. **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विधानसभा परिसर में एनई–वीए सेवा केंद्र का किया उद्घाटन, कहा– डिजिटल माध्यम से विधायी कार्य अधिक सरल, समयबद्ध और पेपरलेस होंगे।**
4. **राज्य की गृह सचिव वंदना दादेल ने सभी रेंज के डीआईजी और जिलों के एसपी को बेहतर पुलिसिंग की अनुशंसाओं को लागू करने का दिया निर्देश।**

और

5. **झारखंड में 15 फरवरी से मौसम में बदलाव के संकेत, मौसम विभाग ने कहा–तापमान में होगी वृद्धि, ठंड की होगी विदाई।**

****

सांसद विष्णु दयाल राम ने आज लोकसभा में पलामू, गढ़वा और लातेहार समेत झारखंड के ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण का मामला उठाया। उन्होंने पर्यटन मंत्रालय एवं पुरातत्व विभाग से जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण कराने और प्रमुख धार्मिक तथा पर्यटन स्थलों का समग्र विकास करने की मांग की। सांसद ने कहा कि इन स्थलों के विकास से न केवल क्षेत्रीय पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि शहरी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।

****

झारखंड हाईकोर्ट ने धनबाद में बढ़ते वायु प्रदूषण को लेकर राज्य सरकार से अवैध खनन पर जवाब मांगा है। इस मामले में दायर जनहित याचिका पर आज सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि अगर अवैध खनन हो रहा है तो उसे रोकने के लिए अबतक क्या कार्रवाई की गई है, इस पर जिला खनन पदाधिकारी जवाब दाखिल करें।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज राष्ट्रीय ई–विधान एप्लीकेशन परियोजना के तहत झारखंड विधानसभा में आयोजित प्रशिक्षण और टैबलेट वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने विधानसभा परिसर में **एनई–वीए** सेवा केंद्र का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि डिजिटल माध्यम से विधायी कार्य अधिक सरल, समयबद्ध और पेपरलेस होंगे। उन्होंने कहा कि एप्लीकेशन के उपयोग से सदस्यों को प्रश्न एवं अन्य कार्य ऑनलाइन करने की सुविधा मिलेगी।

****

सरायकेला में नगर निकाय चुनाव को लेकर आज भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू और पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा ने भाजपा समर्थित उम्मीदवार के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने हेमंत सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि पिछले छह वर्षों में झारखंड विकास की राह से भटक गया है।

****

पाकुड़ जिले में नगर निकाय चुनाव को लेकर भाजपा समर्थित नगर परिषद अध्यक्ष पद के प्रत्याशी **संपा साहा** के समर्थन में आयोजित सम्मेलन में भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी ने सभी 21 वार्डों के कार्यकर्ताओं से चुनाव तैयारियों की जानकारी ली। श्री मरांडी ने कहा कि भाजपा चाहती थी कि नगर निकाय चुनाव दलगत हों लेकिन राज्य सरकार ने दलीय आधार पर चुनाव कराने की हिम्मत नहीं दिखायी।

****

गढ़वा जिला प्रशासन ने भ्रष्टाचार में शामिल भंडरिया अंचल के राजस्व उप निरीक्षक शिवपत राम को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। उपायुक्त दिनेश कुमार यादव ने बताया कि यह कार्रवाई विगत तीन फरवरी को आयोजित जनता दरबार में प्राप्त एक लिखित शिकायत और कॉल रिकॉर्डिंग के आधार पर की गई है।

****

जयपुर में आयोजित डीजी–आइजी कॉन्फ्रेंस में बेहतर पुलिसिंग के लिए की गयी अनुशंसाओं को लागू करने के लिए आज गृह सचिव वंदना दादेल ने सभी रेंज के डाईजी और जिलों के एसपी के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये बैठक की। मौके पर उपस्थित डीजीपी तदाशा मिश्रा ने पुलिस अधिकारियों को पोक्सो एक्ट क्रियान्वयन, एससी–एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम, महिला सुरक्षा, हर महीने मीडिया के जरिये पुलिसिंग की पॉजिटिव स्टोरी कराने, स्मार्ट पुलिसिंग अपनाने, नक्सल इलाकों में कल्याणकारी योजनाएं चलाने, और खेलों को बढ़ावा देने जैसी अनुशंसाओं का पालन कराने का निर्देश दिया।

****

लातेहार जिले में पुलिस ने 50 हजार रुपये के इनामी अपराधी आदेश गंझू समेत उज्जवल कुमार और सुभाष कुमार को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। तीनों चतरा के टंडवा के रहने वाले हैं।

****

आजसू पार्टी के प्रमुख सुदेश महतो ने हेमंत सरकार पर पिछले साल के बजट में किये गये प्रावधानों का उचित ढंग से लागू नहीं करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने पिछले साल बजट में जो भी प्रावधान और वादे किए, वह धरातल पर कितना उतरा है, इस पर सरकार को आकलन करना चाहिए।

****

खूंटी जिले की स्वास्थ्य सहियाओं ने लंबित मानदेय भुगतान की मांग को लेकर आज सिविल सर्जन कार्यालय में स्वास्थ्य पदाधिकारियों और उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। खूंटी जिला प्रजनन एवं बाल स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शोभा किस्पोट्टा ने बताया कि सभी जिलों को राशि भेज दी गयी है। बहुत जल्द भुगतान किया जायेगा।

****

रांची के ऑड्रे हाउस में दो दिवसीय **सीएमएस वातावरण ट्रैवलिंग फिल्म फेस्टिवल एंड फोरम** का आयोजन कल से किया जाएगा। सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज की महानिदेशक डॉ. वसंती राव ने बताया कि कार्यक्रम का उद्घाटन राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार करेंगे।

****

झारखंड में 15 फरवरी से तापमान में धीरे–धीरे वृद्धि होगी और ठंड की विदाई शुरू हो जाएगी। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि उत्तरी राज्यों में हो रही बर्फबारी में कमी आयी है। इससे झारखंड समेत देश के मध्यवर्ती और पूर्वी राज्यों के तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की जाएगी।

********समाप्त*********